आज़ादी का अमृत महोत्सव

# आयकर विभाग

प्रस्तुत करता है

# मोटू पतलू
और
# ऑनलाइन जिन्दगी

आयकर विभाग



टैक्सा मेरा नाम, टैक्सा मेरा नाम ।
सभी भारतवासियों को मेरा प्रणाम।।
इन्कम टैक्स की हर बात मैं दिल से बतलाऊंगा।
टैक्स देने वालों का मैं दोस्त बन जाऊंगा।।




मोटू पतलू और ऑनलाइन जिन्दगी
आयकर निदेशालय (ज.सं.प्र.व प्र.) मयूर भवन, नई दिल्ली की परिकल्पना
यार घसीटा, ऐसे कैसे बैंक ने हमारे अकाउंट फ्रीज कर दिये?
KYC में पैन नम्बर मांग रहे हैं। अब एकदम से भला 'पैन' कहां से लाएं ?
BHARAT BANK
झटके, मेरा बुरा हाल है। जब तक पैन नहीं आयेगा, तब तक लेन देन कैसे करूंगा ?
क्या हुआ, आज हमारे दोस्तों के रंग क्यों उड़े हुए हैं। झटके, तेरे मरीज सीधे यमलोक जाने लग गये क्या... हा हा हा
घसीटा के स्टुडेन्ट ऑनलाइन क्लास लेने लगे होंगे...तभी परेशान है यह बीस साल का तजुर्बा
इस ऑनलाइन के चक्कर में ही तो जिन्दगी मुश्किल हो गई है, बैंक वाले 'पैन' मांग रहे हैं...
बूहूहू



लो कर लो बात... आजकल 'जिन्दगी ऑनलाइन' होकर ही तो आसान हो गई है।
अगर तुम्हें पैन से सम्बन्धित कोई परेशानी है या प्रश्न है तो 'टैक्सा' है ना
टैक्सा ? यह कौन है ?
मैं हूँ टैक्सा.. आयकर से सम्बन्धित हर प्रश्न का उत्तर लेकर...तुम्हें क्या कठिनाई है दोस्तों ?
अरे इस्टेंट पैन चाहिए...वो कहां से मिलेगा।
ऑनलाइन ही मिलेगा वो भी घर बैठे बिना एक भी पैसा खर्चे। www.incometax.gov.in पर जाकर आप अपना पैन अप्लाई कर सकते हैं
और तुरंत पैन नम्बर ले सकते हैं
अरे वाह...यानि आयकर विभाग एकदम मॉर्डन अप टू डेट बन गया है


बिल्कुल आप इन्कम टैक्स रिर्टन को ई-फाइल कर सकते हैं। यही नहीं ई-फाइल पोर्टल पर जमा की गयी विवरणी को संशोधित भी कर सकते हैं। साथ-साथ टैक्स से सम्बन्धित हर सूचना स्वयं प्राप्त कर सकते हैं।
ऐसा कैसे... पोर्टल को कैसे मालूम कि हमारा कितना टीडीएस कटा है या हमने कितनी प्रोपट्री खरीदी-बेची है... जादूगर है क्या यह ऑनलाइन पोर्टल?
बेटा... यह सच्चा ज्योतिषी है ..आपके इन्कम टैक्स की सारी जन्मकुण्डली आप पोर्टल पर जाकर चैक कर सकते हो
घर बैठे हर साल अपनी रिटर्न भर सकते हो...उसे दोबारा, तिबारा चैक करके संशोधित कर सकते हो, उसे पूर्ण रूप से जमा करने से पहले।
घसींट, जैसे तू कभी भी बिना कष्ट लिये हमारे घर नाश्ता करने आ जाता है... वैसे ही www.incometax.gov.in पर कभी भी लॉग इन करके अपने अकाउंट की सारी डिटेल चैक कर सकता है
पोर्टल पर नाश्ता भी मिलेगा क्या?


हा हा हा... नाश्ते से भी ज्यादा अच्छी चीज मिलेगी
वो क्या टैक्सा ?


वहां इन्कम टैक्स अदा करके देश के प्रति सेवा भाव मिलेगा, सुकून मिलेगा और एक अच्छे नागरिक होने का अहसास मिलेगा।
वो तो है...पहले पैन तो मिले ताकि बैंक का काम सुचारू रूप से शुरू हो सके।


टैक्सा, एक बात बताओ क्या हमें घर बैठे मालूम हो सकता है कि हमारा कितना टैक्स बना है या कितना रिफण्ड आयेगा ?
टैक्सा, इसके स्टूडेंट इसकी फीस ऑनलाइन जमा कराते हैं जबकि इस बेचारे को ऑनलाइन का क ख ग भी नहीं आता, सो परेशान रहता है।
Annual Information Statement के जरिए आप खुद जान सकते हैं कि इस साल कितना टैक्स बना है...Income, Transactions, Tax ये तीनों चीजें आप खुद तसल्ली से चैक करके, बिना परेशानी अपना टैक्स अदा कर सकते हैं।


तो चलो सबसे पहले तुम्हारा पैन अप्लाई कर देते हैं।


पतलू ने घसीटा राम और डॉक्टर झटका का ऑनलाइन पैन अप्लाई किया तो थोड़ी ही देर में उनका पैन उनकी मेल में आ गया।
अरे वाह... मेरा पैन तो मिल गया
मेरा भी


देखा..यह कमाल है ऑनलाइन जिन्दगी का... ऑनलाइन आयकर विभाग.. आपके घर, आपके बिल्कुल पास...
यानि अब से अपने टैक्स की हर खबर, मैं खुद रख पाऊंगा।


बिल्कुल...मोटू पतलू तो पहले ही ऑनलाइन अपडेट हो चुके हैं.. अब तुम भी हो जाओगे तो...तुम चारों यार...हर टैक्स चुकाने को तैयार
मोटू, हमने इन दोनों का काम इतना आसान किया अब समोसों की पार्टी तो बनती है
समोसे...बिल्कुल... तुम्हें तो पता है खाली पेट मेरे दिमाग की बत्ती नहीं जलती...हा हा हा
देखो...हम दोनों जा रहे हैं...अपना पूरा अकाउंट अपडेट करने और रिटर्न भरने।
रही बात पार्टी की, तो 'ऑनलाइन' समोसों का ऑर्डर कर दूंगा...पहुंच जायेंगे तुम्हारे घर


वाह बेटा.. यह तो सेर पर सवा सेर निकले... अब तो ये लोग बात भी 'ऑनलाइन' ही किया करेंगे...हा हा हा
ओके दोस्तों... अब मैं चलता हूँ
शुक्रिया टैक्सा... तुम जब भी आते हो, आयकर से जुड़ी हमारी हर समस्या सुलझा जाते हो।


आयकर विभाग की सभी जानकारी रखना आपके लिए फायदेमंद है।


शुक्रिया...आगे भी जब तुम्हारी जरूरत होगी... तुम्हें जरूर याद करेंगे।
जिन्दगी ऑनलाइन बनाओगे, आयकर समय पर चुकाओगे, तो देश के जिम्मेदार नागरिक कहलाओगे।


अरे वाह...घसीटि ने ऑनलाइन समोसे भिजवा दिये...यम यम यम
देखा दोस्तो.. कैसे इस्टेंट लाइफ हो गई... आप भी समय के साथ चलिए आयकर विभाग के पोर्टल www.incometax.gov.in पर जाकर अपनी सारी जानकारी अपडेट करते रहिए।
समाप्त

# भूल भुलैया





# इस चित्र में रंग भरें







# अन्य अंक

इस कॉमिक में हम जानेंगे कि इन्कम टैक्स विभाग किस तरह से
घर बैठे ऑनलाइन आपकी हर समस्या का निवारण करता है



आज़ादी का
अमृत महोत्सव

